हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025

04 वन विभाग के सब रेंज कमलापुर में तेजी से बढ़...



07 इस अमूल्य जीवन को सदगुरु की शरण में ...





## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों को आज मिलेगी राशि

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रुपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे।

### विद्युत वितरण कंपनियों के लिए 49 हजार 263 नवीन पद स्वीकृत

**सीहोर।** प्रदेश की पूर्व, पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों की संगठनात्मक संरचना मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। प्रस्ताव में 49 हजार 263 नवीन पदों सहित कुल 77 हजार 298 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी पद नियमित है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वर्ष 2011 के बाद विद्युत कंपनियों की संगठनात्मक संरचना की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दूरदर्शितापूर्ण निर्णय है। इससे बिजली कंपनियां सशक्त होंगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्याचार पीड़ितों के मामले में पूरी संवेनदशीलता के साथ कार्यवाही की जाए ताकि व्यक्ति को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए बनाया गया है।

# ये है एमपी का बिजौरा: श्मशान के हैंडपंप से बुझ रही विद्यार्थियों की प्यास !

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि आंखों देखी...

नवीन शिक्षण सत्र के शुरू हुए एक महीना हो गया है। स्कूलों की स्थितियों को जानने के लिए हरिभूमि ने पड़ताल की शुरुआत की है। इस पड़ताल में मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर बिजौरा गांव के सरकारी स्कूल का जायजा लिया। यहां स्कूल का खुद का भवन नहीं है, जो भवन था वह जर्जर हालत में पहुंच गया है, इस कारण से यह अब ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में मौजूद दो अतिरिक्त कक्षों में माध्यमिक स्कूल संचालित हो रहा है।

स्कूल में व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप ही स्कूल भवन है, लेकिन वह बहुत जर्जर हालत में पहुंच गया है, जो कभी भी भरभरा का गिर सकता था।




नतीजतन जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस भवन को खाली करने की बात कहकर ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बने अतिरिक्त कक्षों में स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए थे, तब से यही स्कूल संचालित हो रहा है। हालांकि परेशानी यह है कि महज दो कक्ष है, नतीजतन इन्हीं दो कमरों में पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं संचालित की जा रही है।

### सरकारी स्कूल का बुरा हाल, दो कमरों में चल रहीं आठ कक्षाएं

**खराब पड़ा हैंडपंप, पानी पीने श्मशान जाते बच्चे:** स्कूल में बच्चों के पेयजल इंतजाम के लिए स्कूल के पास ही हैंडपंप लगा है, जो खराब पड़ा है। स्कूल के बच्चे मध्यान्ह भोजन करने के बाद स्कूल से आधा किलोमीटर दूर स्थित श्मशान परिसर में लगे हैंडपंप पर कीचड़ भरे रास्ते से होकर प्यास बुझाने पानी पीने के लिए जाते हैं। बारिश होने पर बच्चे अपने घर पानी पीने के लिए पहुंचते हैं। पेय जल समस्या के कारण बच्चे परेशान होते है।



#### पीने के पानी की परेशानी

पुराना स्कूल भवन जर्जर है, इसलिए इन दो अतिरिक्त कक्षों में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। पेयजल के लिए हैंडपंप लगा है, लेकिन वह खराब है। सुधरवाने के लिए पीएचई विभाग को सूचित किया है।

**शिवनारायण गौर,** हेड मास्टर माध्यमिक स्कूल बिजौरा

### पीएचई में की शिकायत, सुनवाई नहीं

स्कूल के स्टॉफ ने बताया कि स्कूल का हैंडपंप बीते कई दिनों से खराब पड़ा है, जिसकी वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप को सुधरवाने के लिए 4-5 बार पीएचई विभाग को सूचित किया जा चुका है, लेकिन अब तक हैंडपंप को सुधारा नहीं जा सका है।

### भवन के लिए नहीं मिल रही जगह

स्कूल भवन के जर्जर होने पर शासन द्वारा नए भवन की स्वीकृति देने के साथ ही राशि भी आवंटित की जा चुकी है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अब तक जगह उपलब्ध नहीं कराई है, जिसकी वजह से भवन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। पहले से मौजूद स्कूल भवन की जगह छोटी है एवं सडक़ किनारे होने से हादसे का डर बना रहता है। स्कूल प्रबंधन ने ग्राम पंचायत से अन्य किसी स्थान पर जगह उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है, जैसे ही जगह उपलब्ध होगी भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे 3 लाख से अधिक श्रद्धालु

# बचपन खेल में खोया, जवानी नींद भर सोया बुढ़ापा देख कर रोया, किस्सा पुराना हैः मिश्रा

गुरुवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लगी कतारे पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से देर शाम तक दीक्षा दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बचपन खेल में खोया, जवानी नींद भर सोया, बुढ़ापा देख कर रोया, वही किस्सा पुराना है। हर जन्म में यही होता है। सारा जीवन बीत जाता है अंतिम समय में जब शक्ति समाप्त होती है शरीर में तब जीने का तरीका समझ में आता है तब व्यक्ति जीना चाहता है परंतु शक्ति ना होने के कारण सिर्फ पश्चाताप ही कर पाता है और यही सोचता है कि चलो अब तो जीवन बीत गया अगले जन्म में करेंगे और ऐसे ही वह हर जन्म में डालता रहता है और कितने ही जन्म-जन्म बीत जाते हैं और व्यक्ति का मोक्ष नहीं हो पाता इसलिए सावधान रहें अपने बड़े बुजुर्गों की बातों से लाभ उठाएं वेदों का अध्ययन करें और सलाह मानें आप का कल्याण हो जाएगा। वैसे से जीवन में चार गुरु रहते है। जिसमें माता, पिता, शिक्षक और सद्गुरु जो आपको सद्मार्ग की ओर ले जाता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर स्थित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के छठवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भव्य पंडाल में अपने प्रवचन के दौरान कहे।

उन्होंने कहाकि हर साल यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर भगवान शिव की कृपा से सत्य कार्य करने और अपने जीवन को सफल बनाए जाने के लिए दीक्षा लेने आते है उन्होंने अपने संदेश में कहाकि आप सभी से मेरा निवेदन है कि आप जिस भगवान को मानते है उसको अपना गुरु बनाओ, क्योंकि भगवान शिव से बड़ा कोई गुरु नहीं है, इसलिए शंकर को आदि गुरु कहा जाता है। मां पार्वती ने भगवान शिव को अपना गुरु बनाया था। उन्होंने गुरु का महत्व बताते हुए कहाकि सद्गुरु या आध्यात्मिक गुरु, का मुख्य उद्देश्य अपने शिष्यों को सेवा और धर्म के मार्ग पर प्रेरित करना और उन्हें इस मार्ग पर चलने में मदद करना है। सद्गुरु, एक मार्गदर्शक के रूप में, शिष्यों को सही दिशा दिखाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान और मुक्ति की ओर ले जाते हैं। गुरुवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारे लगी हुई थी, इसके बाद सुबह सात बजे से पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से देर शाम तक दीक्षा ग्रहण करने के साथ दर्शन, प्रवचन और भगवान की पूजा अर्चना की। अंतिम दिन भंडारे में करीब तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। करीब 12 घंटे से अधिक समय तक चले भव्य आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। यहां पर छह दिवसीय कार्यक्रम देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं ने कथा, प्रवचन और दीक्षा प्राप्त की।

#### भगवान कृष्ण, ऋषि दुर्वासा की कथा का वर्णन

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि गुरु आपकी परीक्षा लेते है। भगवान श्री कृष्ण और ऋषि दुर्वासा के बीच एक ऐसा प्रसंग हुआ था जिसमें एक शिष्य की अपने गुरु के लिए अविश्वसनीय भक्ति दिखती है। कथा के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण अपने गुरु का मान रखने के लिए न केवल रथ का घोड़ा बने बल्कि अपने मृत्यु के सत्य का ज्ञान होने के बावजूद अपने गुरु के सम्मान की खतिर उस मृत्यु के कारण को अपना लिया था। एक बार दुर्वासा ऋषि अपने शिष्यों के साथ द्वारका नगरी के पास से गुजर रहे थे। राह में उन्होंने अपने शिष्य श्री कृष्ण से मिलने की इच्छा हुई। उन्होंने अपने शिष्यों को श्री कृष्ण को बुलाकर लाने को भेजा। उनके शिष्य ने द्वारका जाकर द्वारकाधीश को उनके गुरुदेव का संदेश दिया। संदेश सुनते ही श्री कृष्ण नंगे पैर दौड़े-दौड़े अपने गुरु से मिलने आए और उनसे द्वारका नगरी चलने के लिए विनती की लेकिन दुर्वासा ऋषि जी ने चलने से इनकार कर दिया। कृष्ण ने अपने गुरु से पुनः चलने के लिए आग्रह किया। दुर्वासा ऋषि मान गये लेकिन उन्होंने एक शर्त रखी। उन्होंने कहा कि वो जिस रथ से जायेंगे, उसे घोड़े नहीं खीचेंगें बल्कि एक तरफ से कृष्ण और एक तरफ से उनकी पत्नी रुक्मिणी खीचेंगी। श्री कृष्ण मान गये और वह दौड़ते हुए पत्नी रुक्मिणी के पास गए। रुक्मिणी को उन्होंने गुरुदेव दुर्वासा की शर्त बताई। रुक्मिणी मान गईं और फिर दोनों गुरुदेव के पास वापस आये और उनसे रथ पर बैठने की विनती की। उन्होंने इस प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।

#### संकट के समय गुरु नहीं गुरु मंत्र काम आता

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि संकट के समय गुरु नहीं गुरु मंत्र काम आता है। शहर में गीता बाई पाराशर रही जो जगह-जगह भोजन बनाने का कार्य करती थीं। उन्होंने श्रीमद भागवत कथा का संकल्प लिया था पर पैसा नहीं था। उन्होंने कथा करवाई, उस समय न भागवत थी न ही धोती कुर्ता। उन्होंने कहा कि पहले आप गुरु दीक्षा लीजिए, गुरु दीक्षा लेने हम इंदौर गोवर्धन नाथ मंदिर गए। वहां से दीक्षा ली। मेरे गुरुजी ने ही मुझे धोती पहनना सिखाई, और उन्होंने छोटी सी पोथी मेरे हाथ में दे दी। वर्तमान में भी उनके मंत्र और उनके आशीर्वाद से मैं धर्म का कार्य कर रहा हूं।

### सिविल अस्पताल में नर्स को सांप ने डसा, चल रहा उपचार



**बुधनी।** सिविल अस्पताल की एक स्टाफ नर्स को सांप ने काट लिया जब इस बात की भनक मरीजों को लगी तो वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। अब इसे लापरवाही कहें या अस्पताल प्रबंधन की चूक खैर जो भी हो लेकिन सवाल यह भी उठता है कि मरीज और उनके परिजन अपने आप को अस्पताल में कैसे सुरक्षित मान लें अस्पताल भवन के पीछे जंगल होने पर पिछले चेनल गेट से पहले भी अस्पताल परिसर में सांप,गोहरे प्रवेश कर चुके हैं जिन्हें कर्मचारियों द्वारा वहां से हटाया गया था गुरूवार को करीब1 बजे ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ नर्स अंबिका सक्सेना प्रसूति गृह से वार्ड की ओर जा रही थीं इस दौरान परिसर में फर्श पर बैठे सांप पर उनका पैर पड़ गया इस पर सांप ने उन्हें पैर में काट लिया नर्स की चीख पुकार और अस्पताल में सांप होने की बात सुनकर वार्ड में हड़कंप मच गया वहां भर्ती मरीजों में दहशत पैदा हो गई सांप काटने के बाद स्टोर रूम की ओर चला गया जिसे अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने सर्प विशेषज्ञ को बुलाकर सांप पकड़ने की कोशिश की लेकिन सांप नजर नहीं आया सुरक्षा की दृष्टि से जिस कमरे में सांप दिखा था उसे बंद कर दिया गया है। इस मामले में बीएमओ धनजीत बड़ोदिया का कहना है कि अस्पताल परिसर में सांप निकलने की घटना सामने आई है जिसमे परिसर के आसपास सफाई करवाई जाएगी ओर चैनल गेट पर जाली लगाकर बंद करवा देंगे।

### ई-रेशम पोर्टल पर करें आवेदन

**सीहोर।** शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिला रेशम कार्यालय के क्षेत्रान्तर्गत विगागीय मलबरी रेशम उत्पादन के लिए कृषक योजनान्तर्गत ई-रेशम पोर्टल https://cresham.mp.gov.in पर योजना के प्रावधानों का पठन कर उपयुक्त होने की स्थिति में आवेदन निर्धारित समयावधि में दर्ज करा सकते है। उप संचालक रेशम श्री योगेश कुमार परमार ने बताया कि दर्ज आवेदनों पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार चयन उपरांत प्रथकतः सूचित किया जावेगा। चयन पत्र जारी होने के पूर्व कृषक विभागीय योजनान्तर्गत किसी भी हित/लाभ के दावेदार नहीं होंगे।

### बड़ी संख्या में समाजजनों ने लिया भाग

# दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास कलश स्थापना का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ चातुर्मास कलश की स्थापना त्यागी भवन में हुई।

वीर शासन जयंती के उपलक्ष पर शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मंदिर जी में मुलनायक भगवान का अभिषेक व शांति धारा हुई। साथ ही शांतिनाथ मंडल विधान कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण बोली के माध्यम से हुआ बोली लेने का सौभाग्य स्वर्गीय प्रेमचंद पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। मंगलाचरण हुआ बाहर से आए अतिथियों द्वारा चित्र आवारण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। महिला मंडल द्वारा शानदार मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। गुरु पूजन हुआ मुनि श्री विश्व नायक महाराज के प्रवचन हुए फिर मंगल कलश स्थापना के लिए बोली द्वारा लाभार्थी परिवारों का चयन किया। जिसमें प्रथम कलश विराजमान करने का सौभाग्य धर्मचंद विनोद जैन परिवार ने लिया। दूसरा कलश विराजमान करने का सौभाग्य नरेंद्र विपिन जैन परिवार ने लिया। तीसरा कलश शोभा संजय पांडिया ने लिया। चौथा कलश प्रेमचंद नरेश चेलावत ने लिया। पांचवा कलश कैलाशचंद्र राजेश जैन परिवार ने लिया।

पाद पक्षालन करने का सौभाग्य गुजरात से आईं भारती बेन ने लिया। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य कैलाश खजांची परिवार सुसनेर एवं नेमीचंद संजय गोधा परिवार ने प्राप्त किया। चातुर्मास मंगल कलश स्थापना के अवसर पर बड़ी संख्या में देश के कई स्थानों से आए हुए गुरु भक्तों के साथ नगर व आसपास के क्षेत्रों से आए समाजजनों द्वारा उक्त आयोजन में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया बाहर से आए अतिथियों व सकल दिगंबर जैन समाज का श्वेतांबर जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य हुआ। समस्त कार्यक्रम विराग विवर्धन चातुर्मास समिति नलखेड़ा के तत्वावधान में हुआ।

### सत्य साधना बाल शिविर व धर्म सभा का हुआ आयोजन

# 'सत्य साधना मनुष्य जीवन के लिए वरदान है'





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सत्य साधना मनुष्य जीवन के लिए वरदान है, यहां वह पुरातन संपदा है जिससे हर व्यक्ति भीतर की दुनिया का सम्राट बन जाता है। सत्य साधना के अभ्यास से मन शुद्ध और स्थिर होता चला जाता है। सत्य साधना संयमित, संतुलित जीवन की ओर ले जाती है। साधना स्वयं के मुक्त स्वरूप का अनुभव करती जाती है जिससे वहां अपना और औरों का भला करने लगता है और व्यक्ति विश्व कल्याण के भावों से भर उठता है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आगर में आयोजित सत्य साधना बाल शिविर व धर्म सभा में जिनचंद्र सूरि महाराज ने उपस्थित स्कूली भैया बहनों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के समक्ष यहां बात कही। महाराज ने सत्य साधना को लेकर स्कूली बच्चों से कहा कि आप बड़े सौभाग्यशाली हैं कि अनोखी, वैज्ञानिक और किसी भी संप्रदाय से जुड़ी हुई नहीं है, सभी के भले के लिए, सभी के कल्याण के लिए ऐसी विद्या (सत्य साधना) को सीखना शुरू कर दिया है। वहां भी कहां पर आगर की इस भूमि पर। उन्होंने बताया कि आगर शब्द किसे कहते हैं, इसके बारे में शायद आप नहीं जानते होगे लेकिन आगर शब्द वेदों का शब्द है, ऋषियों का शब्द है। आगर अगार, अणगार यह सभी ऋषियों एवं वेदों के शब्द हैं। इन शब्दों का मतलब होता है घर।

गुरुदेव ने बताया कि घर कैसे बनता है इसे ऋषियों ने बहुत अच्छी तरह से समझाया है, घर जब बनाया जाता है तो सबसे पहले उसका फाऊंडेशन (नीव) तैयार की जाती है, फिर दीवारें भी खड़ी कर दी जाती है। फाउंडेशन तैयार हो गया दीवारें खड़ी हो गई लेकिन उस घर पर छत नहीं रखी जाये तो वह घर रहने लायक होगा क्या? इसी तरह से आप इतने शानदार हमारी संस्कृति के संवाहक ऐसे भव्य स्कूल में पढ़ाई करते हैं। तो आप लोगों की नीव मजबूती ही होगी। यहां पर आप सदाचार, अनुशासन, नैतिक बातों को सीखते हैं, जीवन के उत्थान की बातों को सीखते हैं। आप इस स्कूल में अपने माइनस पॉइंट को घटाते चले जाते है ओर प्लस के पॉइंट को बढ़ाते जाते हैं।

यहां पर आप सदाचार में मजबूत व स्ट्रांग बनते चले जाते हैं। तो आज आपको सत्य साधना सीखाने का जो काम यहां पर शुरू किया है। वह आपके जीवन रूपी मकान में छत को रखने का काम है। गुरुदेव ने कहा कि आज दुनिया का क्या हाल है, सारी की सारी दुनिया परमाणु बम पर टिकी हुई है। हम भी परमाणु बम पर बैठे हुए हैं, कभी भी परमाणु बम फट सकते हैं व सारी दुनिया नष्ट हो सकती है। सारी दुनिया को परमाणु बम से बचाने का कार्य आप सभी को जिम्मेदारी के साथ करना है। गुरुदेव श्री ने कहा कि जिम्मेदारी को निभाने का साहस तभी आएगा जब आप सत्य साधना की राह पर चलेंगे। गुरुदेव श्री ने कहा कि आज सारी दुनिया कीचड़ में फंसती जा रही है, तनावों में युद्धों को झेल रही है। सत्य साधना से न सिर्फ हम अपना भला करते हैं, बल्कि हम आसपास सभी का भी भला करते हैं। वहीं सारे समाज सारे राष्ट्र का भी भला करते हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला इकाई ने पौधरोपण कर की हरियाली महोत्सव की शुरुआत



**देवास।** सामाजिक कार्यों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहने वाले सबसे विशाल संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की महिला इकाई द्वारा देवास में हरियाली महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत आज पौधरोपण के साथ की गई। संयोजक माधुरी पोरवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की रक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाली अमावस्या तक हरियाली महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पौधरोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस कार्यक्रम की शुरुआत आज देवास के मण्डूक पुष्कर पर पौधरोपण कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल तथा महिला अध्यक्ष मंजूबाला जैन ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद डीसीबी बैंक के मैनेजर मुकेश श्रीवास्तव ने वैश्य महासम्मेलन के हरियाली महोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए शहर भर में पौधरोपण हेतु डीसीबी बैंक द्वारा सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन की महिला कार्यकारी अध्यक्ष राखी झालानी, नवनियुक्त अध्यक्ष आयुष भूतड़ा का अभिनन्दन भी किया।

अतिक्रमणकारी जंगल के हरे भरे वृक्षों को काटकर कर रहे हैं खेती

# वन विभाग के सब रेंज कमलापुर में तेजी से बढ़ रहा जंगलों में अतिक्रमण

वन विभाग में बैठे जिम्मेदारों की मिली भगत से लगातार जिले के जंगल की भूमि पर पेड़ पौधे काट कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

प्रदेश सरकार जंगल संरक्षित हेतु पौरोपण पर करोड़ों रुपए प्रति वर्ष खर्च रही हैं, लेकिन जिस विभाग को जंगल की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है, उसी विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही एवं मिली भगत से जंगल अब उजड़ते दिखाई दे रहे हैं। जंगलों में तेजी से पेड़ों की कटाई तो हो रही है, साथ ही अतिक्रमण भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। उपवन मंडल बागली की जिनवानी रेंज के अंतर्गत आने वाली सब रेंज कमलापुर में इन दिनों तेजी से जंगलों में अवैध अतिक्रमण का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। वन विभाग में बैठे जिम्मेदारों की मिली भगत से लगातार जंगल की भूमि पर पेड़ पौधे काट कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि इन सब स्थिति से वन विभाग के जिम्मेदार अवगत नहीं है। जानकारी होने के बावजूद भी इस और अंकुश नहीं लग पा रहा है। सब रेंज कमलापुर के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 94,95 सहित अन्य क्षेत्रों में तेजी से वन विभाग की भूमि पर पेड़ों की कटाई कर कब्जे का सिलसिला जारी है। आश्चर्य की बात यह है कि कक्ष क्रमांक 94,95 में कई स्थान है, जहां पर सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर हजारों पौधों का रोपण किया गया था।आज वहां पर पेड़ों की जगह खेत बनाकर कब्जा धारी खेती करते दिखाई दे रहे हैं। कमलापुर भील आमला मार्ग एवं डिगोद मार्ग से सटी वन विभाग की भूमि पर अवैध अतिक्रमण तेजी से फैल रहा है। अतिक्रमण क्षेत्र मुख्य मार्ग से लगा हुआ होने के बावजूद भी अधिकारियों की नजर इस अवैध अतिक्रमण पर नहीं पड़ रही है। डिगोद एवं भिलअमला मार्ग के बीच में बड़े पैमाने पौधरोपण किया गया था।

हालांकि वन विभाग के रिकॉर्ड में आज भी वहां पर पौधरोपण है, लेकिन जमीनी स्तर पर आज बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण होकर उक्त सारे पेड़ पौधों को काटकर खेत बना लिया गया है, और वहां पर खेती हो रही है। प्रतिवर्ष सब रेंज कमलापुर में कई हेक्टर भूमि पर अवैध अतिक्रमण तेजी से हो रहा है। वन को नुकसान पहुंच रहा है, पेड़ पौधों को काटकर वन विभाग की भूमि को खेत बनाया जा रहा है, जिससे वन प्राणियों को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है, क्योंकि जंगल में धीरे-धीरे पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है, और खेत बनते जा रहे हैं, जिससे वन्य प्राणियों को जंगल से गांव की ओर आने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वन्य प्राणियों की जान को भी खतरा रहता है, लेकिन वन विभाग में बैठे जिम्मेदार को वन्य प्राणियों की कोई परवाह नहीं है। सिर्फ वे अपना निजी हित साधने में लगे हुए हैं।



#### दिए गए है सख्त निर्देश

अतिक्रमण को लेकर फिल्ड के सभी अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जहां अतिक्रमण हुआ है,उस को लेकर जल्द ही बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**सत्येन्द्र सिंह,** रेंजर जीनवानी

## बिना पीयूसी, परमिट चल रहे वाहनों पर की कार्रवाई

स्कूल वाहनों व अन्य वाहनों की जांच जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में बिना परमिट, बिना पीयूसी चल रहे वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने जांच दल के साथ देवास शहर एवं अन्य मार्गो पर जांच अभियान चलाया। जांच अभियान बिना पीयूसी ( प्रदूषण कार्ड ) के चल रहे 10 वाहन मिले, जिन पर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 50 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। जांच के दौरान एक यात्री बस बिना परमिट पर सवारी ले जाते पाई गई, जिस पर परमिट शर्तों के उल्लंघन पर 10 हजार रुपए की चालानी की गई।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जांच दल द्वारा लगातार स्कूल वाहनों एवं अन्य वाहनों की जांचकर चालानी कार्यवाही की जा रही है। बिना परमिट, पीयूसी, फिटनेस, ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जा रहे है, उन्हें जप्त कर दस्तावेज ठीक करवाए जा रहे हैं। जांच दल में अभिजीत गहलोत, सिपाही सरफराज खान, बाबूलाल देवड़ा, भगत सिंह, शाकिर खान, नीलेश साल्वे अन्य संबंधित शामिल थे।

### दो कारों की टक्कर में 6 घायल, एक इंदौर रेफर

**देवास।** पीपलरावां क्षेत्र में गुरुवार रात एक सडक़ हादसा हुआ। डेरिया बलड़ी के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर में 6 लोग घायल हो गए। एक कार में गोदभराई समारोह से लौट रहा परिवार सवार था। जानकारी अनुसार, गोदभराई कार्यक्रम से लौट रहे परिवार की कार की टक्कर देवास की तरफ से आ रही दूसरी कार से हुई। पहली कार में पीपलोदा द्वारकाधीश और पीपलरावां निवासी जाकिर (पिता बाबू खां), उनकी पत्नी शबाना, भुरु खां, उनकी पत्नी हमीदा और फूमिदा (पति सफी मंसूरी) सवार थे। दूसरी कार में बिराखेड़ी पीपलरावां निवासी नवीन राजपूत थे। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को पहले सोनकच्छ अस्पताल और फिर देवास जिला अस्पताल ले जाया गया।

## पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा




संस्था मां शारदा इंदौर के द्वारा भौंरासा नगर में लगातार पार्थिव शिवलिंग निर्माण व 12 ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को श्रावण माह के पहले दिन भी इसी तरह का आयोजन नगर के भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओ ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। महिलाओं ने आयोजन में शामिल होकर अपने हाथों से मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण किया एवं उनका विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक किया। इंदौर के पंडित धनीराम तिवारी ने सभी को शिव भगवान के रुद्र अभिषेक का महत्व समझाते हुए सभी को पूजन करवाया। संस्था के प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि नगर ने निरंतर हमारे द्वारा आयोजन करवाए जा रहे है, जिसमे नगर की महिलाएं बढ़चढ़ के हिस्सा ले रही हैं, जिससे हमे काफी खुशी है। इन सब का सहयोग मिलने से हम नगर में आगे और भी अच्छे धार्मिक कार्यक्रम करेंगे ।।

## 50 को सिविल सर्जन ने थमाए नोटिस, कर्मचारियों ने कार्यालय पर प्रदर्शनकर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



नवागत सिविल सर्जन डॉ. आरपी परमार ने गुरुवार को जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में डॉ. परमार ने ओपीडी सहित सिविल सर्जन कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर चेक किए। डॉ. परमार ने बताया कि हाजिरी रजिस्टर में हस्ताक्षर और समय पर कार्य में उपस्थित न पाए जाने पर शोक काज नोटिस जारी किए गए हैं। ओपीडी ड्यूटी डॉक्टर, अधिकारी, कर्मचारी सहित 50 से ज्यादा लोगों को नोटिस दिए गए है।जिला अस्पताल के कर्मचारी शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे जहां पर कर्मचारियों द्वारा नारेबाजी भी की गई। कर्मचारियों ने बताया कि कई कर्मचारियों को कल सिविल सर्जन द्वारा शौकाज नोटिस जारी किया गया है। जबकि कुछ की नाइट ड्यूटी है और कुछ छुट्टी पर है। उसको लेकर हमारी मांग है कि पहले सिविल सर्जन को आरएमओ से चर्चा करनी चाहिए उसके बाद नोटिस देना चाहिए। एक साथ शौकाज नोटिस जारी न करे, पहले कर्मचारियों के मामले में चर्चा करे। डॉ.आरपी परमार सिविल सर्जन ने बताया कि कर्मचारी संगठन के लोग मेरे पास आए थे इन्हें शौकाज नोटिस दिया गया था जिसका यह विरोध कर रहे थे। मेरे द्वारा ओपीडी सहित अन्य जगह निरीक्षण किया गया था यह लोग उपस्थित नहीं मिले थे। दस्तक भी नहीं मिले थे। में अस्पताल की छबि खराब नहीं होने दूंगा मरीज का ठीक से उपचार हो कोई अव्यवस्था बर्दास्त नहीं की जाएगी।

## नवजात का शव कचरे में फेंककर जाने वालों की गिरफ्तारी की रहवासियों ने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



शहर बीते दिनों नवजात का शव फेंककर जाने वालों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। वार्ड क्रमांक 21 के लोगों ने एएसपी से मिलकर उनसे शिकायत की है। मामला 8 जुलाई को कैलादेवी क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई।क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि बाइक पर सवार दो लोग एक नवजात बच्ची का शव नाले के समीप फेंक कर फरार हो गए। घटना के दो दिन बाद वार्ड क्रमांक 21 के निवासी क्षेत्रीय पार्षद के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र देशमुख ने बताया कि इस वार्ड में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने प्रशासन पर इस मामले में ध्यान न देने का आरोप लगाया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदोरिया ने वार्ड पार्षद और अन्य लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही विशेष टीम बनाकर आरोपियों की तलाश करेगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तलवार लहराकर भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट कर अशांति फैलाने वालें असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। इसी के चलते थाना कमलापुर में ग्राम लक्ष्मीपुर खेड़ा से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अरुण पिता भादर मालवीय उम्र 22 साल निवासी लक्ष्मीपुर खेड़ा का तलवार लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जिस पर थाना प्रभारी कमलापुर उपेन्द्र नाहर के नेतृत्व मे उप निरीक्षक राकेश नरवरिया , विष्णु सोनी ने पुलिस टीम के साथ संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार कर आरोपी से तलवार जप्त की गई एवं उक्त वीडियो को डिलीट करवाया गया । आरोपी अरुण पिता भादर मालवीय उम्र 22 साल निवासी लक्ष्मीपुर खेड़ा के विरूद्ध थाना कमलापुर में अपराध क्रमांक 85/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम में शुरू हुई फुटबॉल प्रतियोगिता

# पहले मैच में नीमच ने रतलाम को हराया, सुशील ने किए 4 गोल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन एवं देवास जिला फुटबॉल एसोसिएशन देवास के तत्वावधान में सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास पर किया जा रहा है। शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया थे। अतिथियों का स्वागत पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, विद्युत मालाकर ने किया। सभापति रवि जैन ने कहा कि फुटबॉल खेल ऐसा खेल है जिसमें आखिरी समय तक निर्णय बदल सकता है इसलिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया ने खिलाडियों को खेल भावना से खलने के लिए कहा। खेल में दिमाग और शक्ति दोनों का उचित इस्तेमाल ही जीत का मंत्र है। अग्रवाल ने कहा कि खेल में कभी किसी की हार नहीं होती हमेशा या तो जीत होती है या फिर सीख होती है जिससे अच्छे खिलाड़ी का निर्माण होता है। मैच की शुरूआत से पहले अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल को किक कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रमुख रूप से मदन सिंह धाकड़, अभिमन्यु पाटील, अजय अग्रवाल, नितिन आहूजा, विजेंद्र राणा, अच्युतानंद मालाकर, शैलेन्द्र सांगते, संदीप वर्मा, हेमेंद्र निगम उपस्थित रहे। पहला मैच नीमच एवं रतलाम के बीच खेला गया जिसमें नीमच ने रतलाम को 05-00 से हराया। मैच में नीमच की ओर से सुशील सुरा ने 04 गोल किए एवं मोहम्मद अली ने एक गोल किया। रतलाम ने कई कोशिश की लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सके। दूसरे मैच रायसेन एवं देवास जिला के बीच मैच खेला गया जिसमें रायसेन ने देवास को 07-00 से हराया। रायसेन की ओर से दो गोल आयुष परिहार ने एवं एक एक गोल पुलकुश शिंदे, हुस्सैनुद्दीन, पार्थ धुर्वे, गीतांश सिंह नेगी एवं अथर्व बलवंशी ने किया। संचालन सुनील बाजपेयी, आभार मदन सिंह धाकड़ ने माना।

## मां शारदा संस्था ने नगर में सहारा कार्यक्रम किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

नगर भौंरासा में संस्था मां शारदा इंदौर के तत्वावधान में द्विवेदी परिवार के माता पिता एवं स्व. सुमती जैन इंदौर की स्मृति में नगर में सहारा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को नगर के बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें सहारा कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद ग्यारह वर्ष तक के 51 बच्चे जिनके पिता नहीं है, उन्हें सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक प्रमोद कुमार द्विवेदी इंदौर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम आप सभी को रोजगार से भी जोड़ना चाहते है, ताकि आपको किसी पर आश्रित न रहना पड़े।

कार्यक्रम में विशेष रूप से इंदौर के पंडित धनीराम तिवारी, एडवोकेट विनोद द्विवेदी, भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, शिवा मित्तल, आनंदसिंह दरबार, निक्की नामदेव व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वही संस्था के संतोष नामदेव, केदार यादव, जीवन यादव, दशरथसिंह ठाकुर, राजा यादव, आयुष नामदेव, देवेंद्र यादव, मंगलेश चौधरी, दिलीप नामदेव आदि ने आभार माना ।

## खबर संक्षेप

### टेबल टेनिस कॉम्पिटिशन का हुआ शुभारंभ



**सीहोर।** पिछले 2 वर्ष की सफलता के बाद इस वर्ष भी आईईएस पब्लिक स्कूल में 4 दिवसीय मेगा सीबीएसई क्लस्टर स्टेट लेवल टेबल टेनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन 2025 का भव्य शुभारंभ आईईएस पब्लिक स्कूल के टेबल टेनिस कोर्ट में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रिंस राठौर नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं देवंश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होने सीबीएसई एवं आईईएस पब्लिक स्कूल के ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का आरंभ किया एवं सभी प्रतिभागियो एवं उनके कोच को मैच के लिए शुभकामनाए दी। सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस टूर्नामेंट मे 14, 17 एवं 19 वर्ष के एज ग्रुप के बॉय्ज़ एवं गर्ल्स के बीच मु$काबले खेले जाएगे। जिसमे मध्य प्रदेश के सभी सीबीएसई स्कूल में से 500 से आधिक प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए। आईईएस पब्लिक स्कूल मेगा सीबीएसई क्लस्टर टेबल टैनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन में सर्वप्रथम बॉय्ज़ वर्ग के मुकाबले खेले गए जिनमे अंडर 17 से बॉय्ज़ वर्ग डीपीएस निपनिया बनाम शिशुकुंज विजेता डीपीएस निपनिया एसपीएस भोपाल बनाम किड्स वर्ल्ड में एसपीएस विजेता, सिक्का 54 बनाम ओरिएंटल भोपाल में सिक्का 54 विजेता एनडीपीएस इंदौर बनाम डीपीएस भभुआ में एनडीपीएस विजेता, डीपीएस भोपाल बनाम एलएनसीटी भोपाल में डीपीएस भोपाल की टीम विजेता कर अगले दौर में प्रवेश किया।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में की गुरु वंदना

# इस अमूल्य जीवन को सदगुरु की शरण में लाकर हम देह को देव बनाने का उपक्रम करें: वैभव भटेले





### प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव, गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन शासकीय महाविद्यालय कैलारस में हुआ कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


अपवित्र आत्मा कभी सदगुरु की पहचान नही कर सकती, सदगुरु भगवान के प्रतिनिधि है। गुरु सबको अनुशासन सिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा भगवान के कला अवतार महर्षि वेदव्यास का प्राकट्य दिवस है। परमात्मा के प्रति निश्छल विश्वास ही आपके हृदय में बसा परमात्मा है श्रद्धा ही पार्वती का रूप है ।संसार के सत्य को समझना ही बोधि सम्पत्ति है। जन्म और मृत्यु के पूर्व हम अव्यक्त हैं । जीवन ही व्यक्त है तभी हम व्यक्ति कहलाते हैं। व्यक्ति को यह देह जन्म जन्मांतर के पुण्य कर्म से प्राप्त होती है। इस अमूल्य जीवन को सद्गुरु की शरण में ला कर हम देह को देव बनाने का उपक्रम करें। गुरु होंगे तभी हम जागृत होंगे। तुलसी दास जी कहते हैं पावन अंतर्दृष्टि होने पर ही हम गुरु चरण पखारने का सौभाग्य प्राप्त करते है गुरु कृपा होती है तो आत्मा पवित्र होने लगती है। गुरु का महात्म्य इतना ही है कि जो हमारे विकारों के संहारक हैं वही सद्गुरु हैं।जीवन को सामर्थ्यवान बनाना है तो गुरु के विचारों को आत्मसात करना होगा। प्रभु को ध्रुव संकल्प से ही पाया जा सकता है हम अपने जीवन का उद्धार करें और राष्ट्र सेवा के लिए जीवन को समर्पित करके सदगुरु देव स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज के सानिध्य में हमारे देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें। यह आध्यात्मिक प्रवचन आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज के शिष्य प्रखर प्रवचनकर्ता और भागवत मर्मज्ञ वैभव भटेले ने मानस भवन में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में व्यक्त किये । स्वामी की कृपा भी इसीलिए आस्था की इस नगरी में बरसती है । प्रवचन के पूर्व विशाल संख्यां में जुटे भक्तों के बीच शास्त्रीय भजन गायक राम श्रीवादी की स्वरचित रचना ..गुरु वंदना सब मिल कर गाओ... की सस्वर प्रस्तुति अजय पाटीदार, नेवल सैमुअल, वंशिका गोस्वामी तथा ऋषिका तंबोली ने करके उपस्थित जन को मोह लिया। उत्सव साहू , सुमित चौरसिया, जीवन मालवांचल, अजय सोलंकी, डॉ राजेंद्र मालवीय ने सत्संग सुलभ भजन और गुरु महात्म्य के कीर्तन प्रस्तुत किये। भजन गायक राम श्रीवादी के भक्ति और अध्यात्म से परिपूर्ण स्वरचित भजनों पर श्रोतागण श्रद्धा से झुमते रहे। तबला वादक शिव श्रीवादी, की पैड पर अजय पाटीदार तथा ढोलक वादक धर्मेंद्र वर्मा ने भी अपनी कला से भक्तों का दिल जीत लिया। अत्यंत ही अनुशासित और भक्तिमय आयोजन में पूज्य स्वामी जी के भक्तों ने कतारबद्ध होकर गुरु पादुका पूजन किया। पूजन एवम प्रवचन के बाद मंगलदीप से सभी भक्तों ने गुरु महाराज की आरती की। अंत में सभी भक्तजन में फलाहारी स्वल्पाहार का प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभु प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रभु प्रेमी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अतिथि वक्ता वैभव भटेले तथा संगीत गुरु राम श्रीवादी का बहुमान किया। नगर के धर्माधिकारी गजेन्द्र शर्मा ने उपस्थित जन से विधि विधान पूर्वक पूजन करवाई। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने तथा आभार मोहनसिंह अजनोदिया ने व्यक्त किया।

### भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को उच्चशिक्षा विभाग के आदेशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरुपूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करते हुए अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का फॉर्म मां सरस्वती की पूजा के साथ हुआ प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए गुरु महिमा पर प्रकाश डाला और गुरु पूर्णिमा पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अतिथि शासकीय उत्कृष्ट बालक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य गणेश कुमार माथुर व शास्त्री विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रेमनारायण शर्मा थे। जी के माथुर ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन्होंने माता-पिता को प्रथम गुरु बताया और उनकी सेवा करने की प्रेरणा दी सभी विद्यार्थियों को अपने गुरुओं का सम्मान करने और उनसे प्राप्त ज्ञान का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शित किया। अतिथि द्वेय प्रेमनारायण शर्मा ने कहा कि प्रकृति वह देश की सेवा करने वाले सैनिक भी हमारे गुरु के समान है हमें उनका सम्मान करना चाहिए यह उत्सव हमें हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है। गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपेश पाठक ने इस उत्सव की पूरी रूपरेखा तैयार की और इसके सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" गुरुपूर्णिमा उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सीधे प्रसारण को भी सभी स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थियों ने देखा। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने गुरुओं को पुष्प अर्पित कर और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन समारोह में, डॉ रचना श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर दीपेश पाठक ने किया।

## मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की अशासकीय संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा द्वारा नीट परीक्षा पास करने पर छात्र आदित्य जैन का स्वागत कर दी बधाई। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2022-23 में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य जैन ने एमपी बोर्ड की कक्षा 12वीं में 91% अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ होनहार छात्र ने विगत दिवस नीट परीक्षा पास कर एक बार फिर संस्था का नाम गोरांवित किया है। इनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से आज संस्था के छात्र का स्वागत कर बधाई दी। इसी के साथ शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार सर ने अपने उदबोधन मैं बताया कि संस्था से पढ़ें ऐसे और भी कई छात्र/छात्राएं हैं जो आज अपनी सेवा शासकीय अशासकीय कार्यालय में दे रहे हैं, संस्था का हमेशा यही प्रयास रहता है कि ऐसे होनहार छात्र-छात्राओं को संस्था हमेशा मदद करें ।बधाईकर्ता :-संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पटाखा साइलेंसर लगी बुलेट जब्त

**जावर।** आष्टा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान एक बुलेट मोटर साइकिल को जब्त किया गया। वाहन चालक मुकेश पिता गोरेलाल बंजारा निवासी पचोर, जिला राजगढ़ द्वारा अपनी मोटर साइकिल में गैरकानूनी 'पटाखा साइलेंसर' लगाकर शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था ,जिससे आम जनता में भय और अशांति की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।थाना प्रभारी श्री गिरीश दुबे के नेतृत्व में की गई त्वरित कार्रवाई के तहत उक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई।

## लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में सरकारी स्कूल के सामने लोकनिर्माण विभाग की सड़क आवागमन करने वाले वाहन चालको के लिए सड़क मुसीबत बनी हुई है। बड़े बड़े गड्ढे कीचड़ से आमजन परेशान हो रहे है। जावर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमुलिया रायमल व कजलास तक पहुंच मार्ग में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ग्राम बमुलिया रायमल के ग्रामीणों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग अधिकारी कर्मचारियों को कई बार बताया जा चुका है, पिछले महीने सड़क के गड्डो की मरम्मत करवाने के लिए भी अवगत कराया गया। लेकिन कोई मरम्मत नही की गई। बरसात में बच्चे सड़क किनारे बने गड्डो में होकर निकल रहे। जिसके कारण उनके कपड़े जूते मोजे तक खराब हो रहे है। दो दिन पहले एक बच्चे को एक लापरवाह वाहन चालक द्वारा गड्डो में भरे पानी से बच्चे की टीशर्ट कीचड़ से गन्दी कर चुका है। पुरानी सड़क की मरम्मत नही करा पा रहा विभाग नई सड़क जल्द बनवाने का पिछले दो महीने से बोल रहा है लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। बरसात के भरे पानी के कारण गड्ढे के कारण बड़े छोटे वाहन चालकों को लिए भी नहीं देते है।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के सांदीपनि विद्यालय उमावि आष्टा में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित संतोष शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित दामोदरदास शर्मा, आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा प्रबंधक शाहिद हफीज़ खान, प्राचार्य सितवत खान ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं गुरू वंदना कर किया गया। इस अवसर पर असमा खानम, सम्राट ढोके, पदमा परमार, पवन राया, निहायत मंसूरी, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, जितेन्द्र धनवाल, भूपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, जितेन्द्र मेवाड़े, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, अभिलाषा श्रीवादी, राम सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, स्मिता नायर, हरिनारायण सिंह, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़िया, आराधना चन्द्रवंशी, महेश नरगावा, प्रकाश यादव, रवि कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अंतिमबाला, दीपक डावर, लक्ष्मी परमार, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़िया, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र कुमार, हेमंत मेवाड़ा, गौरीशंकर मालवीय, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़िया, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## घर के आंगन में जुआ खेलते हुए 5 को किया गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लंगापुरा, आष्टा स्थित रफीक के मकान के आंगन में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके निर्देशन में त्वरित कार्रवाई हेतु टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सूचना स्थल पर दबिश दी। दबिश के दौरान नासिर शाह, निवासी डोराबाद, आष्टा, नासिर कुरैशी, निवासी आष्टा, अफसर कुरैशी, निवासी आष्टा, नफीस खा, निवासी किला, आष्टा, अतीक खा, निवासी किला को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 18,050 नगद व ताश के पत्ते बरामद किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना आष्टा में जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। रफीक खां जो मौके से फरार हुआ प्रकरण मे आरोपी बनाया गया है। जो अपने आंगन मे जुआ खिलवा रहा था। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र द्विवेदी, मुकेश शर्मा, आरक्षक अमन जाटव, मेहरवान परमार, शुभम मेवाड़ा, अभिषेक गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

### गुरु-शिष्य परम्परा निभाने का पर्व है गुरु पूर्णिमा : जसपाल सिंह



**सीहोर।** गुरु-शिष्य परंपरा को निभाने का सबसे महत्पूर्ण पर्व गुरु पूर्णिमा का है। गुरु पूर्णिमा का पर्व सदियों से मनाया जा रहा है। आज भी गुरु पूर्णिमा पर गुरु-शिष्य परंपरा निभाई जा रही है। शिष्य अपने गुरुओं की शरण में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और गुरु उन्हें सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, शिक्षा देते हैं। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीहोर नगर में निकाली गई साईं पालकी में शामिल हुए तो वहीं उन्होंने सीहोर नगर के प्रमुख कथावाचकों, गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनका गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान भी किया। अरोरा ने नगर में निकली साईं पालकी में शामिल होकर फूलों की बारिश भी की। इसके बाद वे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीहोर नगर के संत, कथावाचकों के सानिध्य में पहुंचे और वहां उन्होंने उनका फूलमाला पहनाकर, श्रीफल,शॉल देकर सम्मान भी किया। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा इस दौरान जगत गुरु अजय पुरोहित, पंडित मोहितराम पाठक, उद्धवदासजी महाराज की शरण में पहुंचे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

### श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अलीपुर में चल रहा चातुर्मास

## आत्म गुणों से गुरुत्व को प्राप्त करने वाला जीव सुखी: मुनीश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज का दिन सामान्य दिन नहीं है, आज का विशेष दिन गुरु पूर्णिमा का दिन है ।क्योंकि आज के दिन गौतम स्वामी को अपने गुरु महावीर स्वामी के दर्शन हुए थे और उन्होंने भगवान महावीर स्वामी को अपना गुरु माना था। वैसे ही गुरु के दर्शन से मिथ्यात्व का सत्ता में उदय होने से वह मिथ्यात्व गलन को प्राप्त हो गया अर्थात ऐसा माना जाता है कि गुरु का दर्शन बड़े पुण्य के उदय से मिलता है , गुरु के दर्शन में अनंत शक्ति छुपी होती है।

गुरु ही शिष्यों का जीवन संवारने के साथ मोक्ष मार्ग प्रशस्त करते हैं। उक्त बातें श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहींधर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु की महिमा वरनी ना जाए गुरु नाम जपो मन वचन काय।आपने चातुर्मास के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु के वचन और जिनवाणी सुनने को हमें बेचैन रहना चाहिए ,इससे हम अनंत भवों के पुण्य का संचय कर सकते हैं। यदि ऐसी भावना श्रावक की रहती है तो समझ लेना चाहिए कि धर्म ध्यान चल रहा है, समय के महत्व को बताते हुए कहा कि यदि प्रवचन का समय ९ बजे का है तो श्रावक को समय पर आकर जिनवाणी का श्रवण करके हम अपने जिनेन्द्र देव और जगत कल्याणी मां जिनवाणी का सम्मान कर सकते हैं।

## जब तक जीवन में गुरु नहीं तब तक जीवन शुरू नहीं: कृष्णा मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्रह्मानंद जन सेवा संघ मालीपुरा आष्टा के पावन तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के विराम दिवस पर आज आष्टा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह जी पटेल आदि हजारों भक्तों ने मां कृष्णा जी की अमृतवाणी का लाभ लिया। आज सैकड़ो भक्तों ने गुरु दीक्षा प्राप्त की सभी गुरु भक्तों ने अपने गुरु की चरण वंदना कर पूजा आरती की। दिनभर भंडारे का आयोजन चला रहा। आज के सत्संग में पूज्य कृष्णा मां ने अपनी अमृतवाणी में कहा की: १ जब तक जीवन में कोई सद्गुरु नहीं है जब तक सही तरीके से जीवन की शुरुआत नहीं होती है। एक बार नारद जी भगवान नारायण की सभा से उठकर जा रहे थे तब भगवान ने लक्ष्मी जी से कहा कि जहां नारद जी बैठे थे उस जगह को गाय के गोबर से लिप दिजिए ।नारद जी ने कहा कि ऐसा क्यों तब भगवान नारायण ने कहा कि तुम्हारे जीवन में कोई गुरु नहीं है इसके बाद भगवान नारायण जी की आज्ञा से नारद जी गुरु ढूंढने गए रास्ते में मछीयारा मिला। फिर नारदजी ने उन्हीं को गुरु बनाया। जिसके जीवन में गुरु नहीं होता है वह 84 के चक्कर में भटकता रहता है। रावण के जीवन में कोई गुरु नहीं था और दुर्योधन ने मामा शकुनि को अपना गुरु बनाया। इसलिए उनका अंत हुआ। कर्म हमेशा लौट कर आता है हम जो करते हैं वह किसी ने किसी जन्म में वापस आता है। कर्म की फसल इंसान को हर हाल में काटनी ही पड़ती है। इसलिए हमेशा अच्छे बीज बोए ताकि फसल अच्छी हो। प्रभु ना दंड देता है ना माफ करता है, वह तो कर्म फल तराजू है ।सुख का बटन तो हमारे पास है हम ही ऑन करते हैं और हम ही ऑफ करते हैं।

# लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर

## अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल, फिर कैसे हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ तलेन

राजगढ़ जिले में सहकारिता विभाग में घपलों और घोटालों का सिलसिला जारी है। आए दिन मनमाने तरीके से लाखों रूपयों की हेराफेरी के मामले लगातार सामने आ रहे है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रूपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बड़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दे की बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर विन्दूवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रूपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।




### यह है पूरा मामला

बैंक शाखा बोड़ा के अन्तर्गत आने वाली संस्था बोड़ा में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का फर्जी वाड़ा गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परन्तु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाईल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए। उक्त संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाये सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाये तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए।

इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### इनका कहना है

हमने तो 19 तारीख को ही थाने में आदेश व संपूर्ण दस्तावेज सौप दिए थे अब थाना को कार्रवाई करना है
**लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत**
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोडा

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।
**धमेन्द्र शर्मा,** थाना प्रभारी बोडा

## जंप की प्रांतीय कार्यसमिति बैठक और पत्रकार कार्यशाला ब्यावरा में 12 को

ब्यावरा। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ बीएसपीएस की राज्य इकाई,



जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जंप द्वारा 12 जुलाई को ब्यावरा के होटल ला ओम पैलेस में, प्रातः 10 बजे से पत्रकारो की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में पत्रकार राजेश बादल, बायोपिक फिल्म निर्माता निर्देशक के साथ बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन की भव्यता को लेकर बीएसपीएस के राष्ट्रीय सह प्रवक्ता डॉ कमल आलोक प्रसाद ने बताया की जंप के प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में डॉ अरुण सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा जिसके प्रथम सत्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1बजकर 30 तक प्रदेश भर के पत्रकारों की कार्यशाला,"डिजिटल युग में पत्रकारिता की बदलती भूमिका" विषय पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। सहभोज के उपरांत द्वितीय सत्र 2 बजकर 30 से सायं 5 बजे तक चलेगा जिसमे आगंतुक पत्रकार साथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सह प्रवक्ता डॉ प्रसाद ने साथियों से सम्मिलित होने का कहा।

# घायल को ला रही टोल नाका एंबुलेंस का डीजल रास्ते में ही खत्म

## अचेत पुलिसकर्मी को अन्य वाहन से पहुंचाया गया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साल 2016 में एनएच-52 पर ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक हाईवे का चैड़ीकरण करवाने वाली मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के कईं कार्य शुरू से विवादों में रहे हैं। ताजा मामले में गुरुवार दोपहर टोल वसूल रही इसी कंपनी की एम्बुलेंस द्वारा अचानक अचेत हुए एक घायल पुलिसकर्मी को राजगढ़ अस्पताल लाया जा रहा था। इस दौरान एम्बुलेंस का डीजल बीच रास्ते में ही खत्म हो गया। ऐसे में पीछे से आ रहे अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा अपने निजी वाहन से संबंधित पुलिसकर्मी को ईलाज के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### ये है पूरा मामला

पुलिस विभाग के महिला प्रकोष्ठ में पदस्थ पुलिसकर्मी सतीश भटनागर का हाल ही में यातायात थाना ब्यावरा स्थानांतरण किया गया था। स्थानांतरण उपरान्त श्री भटनागर गुरूवार दोपहर यातायात थाना ब्यावरा में आमद देकर अपनी मोटर साइकिल से वापस राजगढ़ लौट रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे टोल नाके के समीप श्री भटनागर को बाईक चलाते-चलाते अचानक चक्कर आ गए और बाईक असंतुलित होकर गिर गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में टोल नाके की एम्बुलेंस से उनके अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन उक्त एम्बुलेंस का डीजल रास्ते में खत्म हो गया। तभी पीछे से आ रहे अन्य पुलिसकर्मियों भानूप्रताप, कैलाश दांगी द्वारा अपनी निजी कार से घायल पुलिसकर्मी भटनागर को जिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई गई। जिला अस्पताल में भटनागर का ईलाज जारी है।

### मुख्य चौराहे पर 3 घंटे तक शव रख कर किया चक्का जाम

# ढाबे पर शराब के नशे में चाकू से हमला किया, युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

बुधवार कि रात लगभग एक बजे चामुण्डा ढाबा पर शराब के नशे में हुई मामूली कहासुनी ने खौफनाक रूप ले लिया। नशे की हालत में आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। ओर बेरहमी से चाकू गोंदा जिससे दीपक नामक युवक की मोत हुई। घटना में घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहा डॉक्टरों ने उसे बाहर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृत अपने जीजा के साथ खाना पार्सल ले रहे थे और आपसी विवाद के चलते झगड़ा हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार चामुंडा ढाबा छापीहेडा रोड पर हुए रात्री मे विवाद कि शिवनारायण मालवीय पिता जगन्नाथ प्रसाद मालवीय उम्र 38 साल निवासी बटावदा ने थाना मे रिपोर्ट कर बताया कि में 10.07.25 के रात्री 01 बजे अपने सालें संजु एवं श्याम निवासी मुंदडा कालोनी के साथ ढाबे पर खाना खाने गया था। ढाबे वाले ने बोला कि समय ज्यादा हो गया है। खाना पैक कर देते है। तब हम जीजा साले ढाबे के पीछे तरफ जाकर बैठ गये। तभी पहले से ढाबें पर बैठे सोनू सोनी पिता सुरेश सोनी निवासी आवास कालोनी, मोनू परमार पिता पप्पु परमार निवासी आवास कालोनी, श्रीओम मंडलोई पिता रतनलाल मंडलोई निवासी आवास कालोनी, वीरम सौध्या पिता दरियाब सिंह निवासी तमोलिया, राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू पिता मांगीलाल सौध्या निवासी बटावदा मोजूद थे। मेरे साले संजू उर्फ दीपक मालवीय को सोनू सोनी ने गर्दन पकडकर मां बहिन की गंदी गंदी गाली देते हुयें थप्पड से मारने लगा मैने मना किया तो मुझे भी सोनू सोनी ने लात थप्पड़ों से मारने लगा तभी उसके साथी श्रीओम मंडलोई व बीरम सौध्या, राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू सौध्या ने मुझे व मेरे सालें संजु उर्फ दीपक मालवीय को पास पडी लकडी व हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा सोनू सोनी व मोनू परमार ने चाकू से जान से मारने की नियत से चाकू से चोटें पहुंचाई है। मेरे साले संजु को सिविल अस्पताल लेकर आऐ। जहां डॉक्टर द्वारा दीपक मालवीय को बाहर रेफर किया गया दीपक उर्फ संजू मालवीय के परिजन उसे झालावाड़ लेकर गए झालावाड़ में ही दीपक ने दम तोड़ दिया।

### मालवीय समाज के लोगों ने किया चक्का जाम

चाकू मार के हत्या के बाद मालवीय समाज के लोगों ने किया चौराहा पर चक्का जाम एवं ज्ञापन दिया' चामुंडा ढाबा पर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या के बाद मालवीय समाज के लोगों ने पुरानी कोर्ट के पास एकत्रित होकर इंदर चैराहे पर चक्का जाम किया। मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल के साथ एडिशनल एसपी के एल बजारे , तहसीलदार आरपी सिंह गोंड को ज्ञापन देकर मांग की मृतक की पत्नी वह दो नाबालिग बच्चों के लिए एक करोड आर्थिक सहायता दी जाए।


### फैक्ट फाइल

- मृतक दीपक उर्फ संजू मालवीय का शव मुख्य चैराहे पर 3 घंटे तक रखा।
- प्रशासन के अधिकारियों की समझाने का प्रयास किया नहीं समझे परिजन।
- इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद भी कोई भी जनप्रतिनिधि ने नहीं ली सुध।
- राजगढ़ एडिशनल एसपी सहित जिले का पुलिस बल सुबह से रहा तैनात।
- स्कूली बच्चों को घर पहुंचने में हुई असुविधाएं चैराहे पर लगा रहा जाम शव रखकर।

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वर्तमान मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# महाराजा विनय सिंह के नाम से जाना जाए राजगढ़ जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



दिग्विजय सिंह
संसद सदस्य - राज्य सभा

क्रमांक 716 /2025
दिनांक 07 07/2025

प्रिय डॉ. मोहन यादव जी,

श्री बापू सिंह तंवर, पूर्व विधायक राजगढ़, निवासी एल.आई.सी. ऑफिस के पास, एम.पी. नगर, बायपास रोड जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश का पत्र मूलतः संलग्न है। श्री तंवर ने बताया है कि राजगढ़ जिला चिकित्सालय के मूल भवन का निर्माण तत्कालीन महाराजा स्व. श्री विनय सिंह जी द्वारा वर्ष 1930 में कराया गया था, वर्तमान में उक्त चिकित्सालय भवन का पुनर्निर्माण कराने के बाद इस भवन का नामकरण नहीं किया गया है। श्री तंवर ने राजगढ़ जिला चिकित्सालय भवन का नामकरण पूर्व की भांति महाराजा विनय सिंह के नाम पर किये जाने का निवेदन किया है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि संलग्न पत्र में उल्लेखित मांग पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

सहयोग के लिए मैं आपका आभारी रहूंगा।

सादर,
आपका
(दिग्विजय सिंह)

डॉ. मोहन यादव जी
माननीय मुख्यमंत्री,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

प्रतिलिपि :- श्री बापू सिंह तंवर, पूर्व विधायक राजगढ़, निवासी एल.आई.सी. ऑफिस के पास, एम.पी. नगर, बायपास रोड, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।

(दिग्विजय सिंह)

रियासतकाल के दौरान सन 1930 में राजगढ़ के तत्कालीन महाराजा विनय सिंह ने जिला चिकित्सालय का निर्मित करवाया था। इसलिए तभी से राजगढ़ जिला अस्पताल उन्हीं महाराजा विनय सिंह के नाम से जाना जाता था। उक्त जिला अस्पताल के जीर्ण-शीर्ण होने पर हालिया मप्र शासन ने नवीन जिला चिकित्सालय भवन का पुर्ननिर्माण मुख्यालय पर करवाया है। नवीन जिला चिकित्सालय भवन का उदघाटन भी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करके गए थे। लेकिन जिला चिकित्सालय का नामकरण उदघाटन के दौरान नहीं हो पाया। ऐसे में क्षेत्र के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर के आगृह पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखते हुए राजगढ़ जिला चिकित्सालय का नामकरण महाराजा विनय सिंहजी के नाम पर करने की मांग की है। पत्र में उक्त मांग पर आवश्यक निर्देश देने का आगृह मुख्यमंत्री डॉ. यादव से किया गया है। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो आगामी समय में राजगढ़ जिला चिकित्सालय महाराज विनय सिंहजी के नाम पर जाना जाएगा।

### कौन थे महाराज विनय सिंह

महाराजा विनय सिंह राजगढ़ रियासत के सबसे प्रसिद्ध महाराजा थे। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए राजगढ़ मुख्यालय पर न केवल जिला अस्पताल बल्कि अन्य बड़े-बड़े भवनों का निर्माण करवाया था।

# लापरवाही: एक साल बाद भी नहीं मिल रहा निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

## गर्भवती महिलाओं को निजी सेटरों पर जाना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए पिछले साल 9अगस्त से निजी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क सुविधा की शुरुआत पूरे प्रदेश में की थी। किंतु विभागीय लापरवाही से पचोर स्वास्थ केंद्र में एक साल माह बाद भी यह सुविधा गर्भवती महिलाओ को नहीं मिल पा रही जिससे महिलाओं को निराश हो कर अस्पतालत से लौटना पड़ा रहा है। सोनोग्राफी के लिए आई संगीता बाई, निर्मला बाई सहित कई महिलाओं ने कहा कि बार-बार आते हैं, लेकिन कहा जाता हे कि अगली बार आना अभी कोशिश कर रहे हैं। यह कहकर हर बार चलता कर दिया जात है। पिछले साल योजना की शुरुआत के अगस्त माह में अस्पताल टीम और सोनोग्राफी सेंटर संचालक ने सुविधा की दृष्टि से आफ लाइन टोकन के आधार पर कुछ महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी कर दी थी किंतु जिला मुख्यालय से भुगतान की मनाही कर दी गई तो सितंबर में संचालक ने मना कर दिया था, तब से ही यह सुविधा बंद है।

### योजना कैसे काम करेगी

गर्भवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाम व फोन नंबर बताना होगा। इसके बाद सीएचसी में ई-वैलेट जनरेट होता हे। जांच से पहले मोबइल पर ओटीपी आयेगा सत्यापन के बाद संचालक अल्ट्रासाउंड कर पाए महिलाओं को बारकोड दिया या ई वाउचर एक क्यूआर कोड है। इसे स्कैन करते ही पैसे संचालक को 500 रुपए ट्रांमाफर होंगे। किंतु एक साल बाद भी पचोर का कोड जनरेट नहीं हुआ



### यह है लापरवाही

स्वास्थ केंद्र का ऑनलाइन बारकोड जनरेट नहीं किया गया। जिसके लिए स्थानीय अस्पताल प्रबंधन पूरी प्रकिया कर चुका है। संबंधित अधिकारियों को मेल भी किया गया है। पचोर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के लिए नर्मदा डायग्निक सेंटर को अधिकृत किया गया है। सेंटर के भगवान सिंह नागर कहते है कि ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत हम सोनोग्राफी करने को तैयार है। पिछले साल के अगस्त माह में की सोनोग्रा फी का भुगतन हमें अभी तक नहीं मिला है।

### अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन चालू ही नहीं पाई

दो साल से पचैर में सोनोग्राफी मशीन धूल खा रही है। लोकसभा चुनाव की आचार सहिता से कुछ घंटे पहले सोनो ग्राफी का उद्घाटन मंत्री गोतम टेटवाल ने किया था ,उसके बाद भी अभी तक कोई व्यवस्था इसे शुरू करने की नहीं हुई है।

### इनका कहना है

कोड ऊपर ही जनरेट होना हे, वरिष्ठ स्तर पर अवगत करवा दिया गया,पत्र भी लिख दिया गया है
**विकास शर्मा,**
प्रभारी स्वास्थ केन्द्र

### प्रशासन ने परिवाद बताकर लगाया जमीन पर स्टे, पीड़िता ने कलेक्टर व एसपी से लगाई न्याय की गुहार

# आफिया की गुहार- भू माफिया को करें मेरी पैतृक भूमि से बाहर

### टी आई ने आरोपी भू माफिया के पक्ष में दिया इस्तगाशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ खिलचीपुर

अपने पिता की आकस्मिक मौत के बाद जहां बेटी पर परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी आई उधर गिद्ध दृष्टि रखे हुए भू माफिया सक्रिय हो गए। खिलचीपुर प्रशासन और भूमाफिया की सांठगांठ के चलते भूमि पर स्टे दे दिया गया है। इसमें पुलिस ने भी इस्तगासा प्रस्तुत करते हुए अपना रूख भू माफिया की तरफ ही रखा। पीड़िता के परिवार की स्थिती यह है किवह अब फसल करने तक से बंचित हो गई है और उसके सामने रोजी रोटी का संकट खडा हो गया है।

### भू माफिया का खेल! अब मामला निबटने तक भूमि पहुंची शासन के अधिपत्य में

सूत्रों की माने तो रज्जाक ने कई बीघा शासकीय जमीन पर अपना अवैध कब्जा जमा रखा है जिसमें अलग अलग जगह के सरकारी पटटे भी अपने नाम करवा लिए है । प्रश्न यह उठता है एक इंसान को सरकार कितने पटटे दे सकती है विश्वस्त सूत्रों की माने तो रज्जाक के परिजन पटवारी रहते हुए इस तरह का अवैध काम भी हुआ है हरिभूमि इसका भी जल्दी खुलासा करेगी। इस मामले में भी यही हुआ जब भू माफिया ने पीडिता को अकेला पाकर अपनी ताकत का लोहा मनवाने के लिए प्रशासन के हाथों में भूमि का करवा दिया। इसमें पीडिता की बात को सुना ही नहीं गया। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीडिता की जमीन से भू माफिया द्वारा जेसीबी लाकर तोड़े गए के स्व पिता के नाम के बोर्ड को तोड़ने पर की शिकायत पीड़िता ने थाने में जाकर एफआईआर का आवेदन दिया। जिसपर तहसीलदार से पुलिस ने भूमि मालिक और घटना स्थल की कब्जा रिपोर्ट भी ली लेकिन बजाये आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने ने थाना प्रभारी ने एसडीएम को परिवाद पत्र के माध्यम से बालिका आफिया की भूमि पर आरोपी पक्ष का दावेदार बताते हुए उक्त आवेदिका की पैतृक भूमि को विवादित बता दिया। साथ ही इस मामले के खत्म होने तक भूमि को शासन के अधिपत्य में रखने की लिखित अनुशंसा की।




### पीड़िता ने की पुलिस कर्मी और पूनम पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

गौरतलब है कि आवेदिका ने पुलिस को दी शिकायत में उसकी निजी भूमि पर लगा बोर्ड तोड़ने की शिकायत कर आरोपी पूनम और पुलिस कर्मी रूपेश पर एफ आई आर की मांग की थी और साथ ही घटना मे प्रयुक्त जेसीबी जप्त कर अल्बा लोहे का बोर्ड जो आरोपी उठा ले गए थे उसे वापस मांगा था लेकिन पुलिस की इस कार्यवाही के बाद अब वह उल्टे अपनी जमीन पर फसल करने से वंचित होकर न्याय के लिए घूम रहीं है।

### 20-25 फीट भूमि पर रज्जाक ने चलवाया ट्रैक्टर

बालिका आफिया की भूमि के पश्चिम दिशा मे शासकीय भूमि हे जो राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है, इस पर नगर मे शासकीय जमीनों के सबसे बड़े कब्जेदार निजवानी परिवार के कजा कर मारा और अपनी गंदी नियत के चलते मृतक की भूमि पर 20 -25 फिट ट्रेक्टर चला डाला इतना ही नहीं कि भूमि स्वामी मृतक मुस्तकिम की बालिका आफिया के नाम कि एक शिकायत पुलिस थाना और पुलिस अधीक्षक को भी भूमाफिया रज्जाक मिजवानी के परिवार कि है जिससे पिता की मौत के बाद वारिस बने परिजनों पर दबाव बनाकर जमीन हड़पी जा सके।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मौत के बाद रज्जाक मिजवानी,पूनम और खुद को पुलिस अधीक्षक बताने वाले रूपेश दांगी आदि उसकी पुश्तैनी जमीन को हड़पना चाहते हैं । थाना प्रभारी भी इनसे जुड़े हैं मेने कलेक्टर साहब और एसपी साहब से शिकायत के बाद इन पर कारवाई की मांग की है व एसडीएम साहिबा भी जांच कर रहीं है।